हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 10 मार्च 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

13 भक्तों ने निकाली खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा



15 हरी सब्जियों के दाम में आई गिरावट, उपभोक्ताओं...



## खबर संक्षेप

### चंदापारी सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन 11 को

**धमतरी।** जिला चंदा पारी सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन आमातालाब रोड पोस्ट ऑफिस वार्ड के रामनगर स्थित सामाजिक भवन में 11 मार्च को सुबह 10 बजे होगा जिसमें गत वर्ष 10वीं, 12वीं में 80 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक रोटी-बेटी से संबंधित सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल पूर्ण होने पर पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। पाली के जिलाध्यक्ष खिलेश सेन एवं सचिव रघुवीर सेन ने सदस्यों से वार्षिक शुल्क के साथ उपस्थित होने की अपील की है।

### अंवरी में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा 21 से

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राष्ट्र जागरण 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा 21 से 23 मार्च तक आयोजित की गई है।



प्रथम दिवस सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक मंगल कलश स्थापना एवं दीप प्रज्ज्वलन, 1 से 3 बजे तक प्रसादी भोजन, 3 से 5 बजे तक पावन प्रज्ञापुराण एवं 5 से 8 बजे तक संगीतमय रामायण होगा। दूसरे दिन सुबह 7 से 9 बजे तक गायत्री महायज्ञ, 10 से 1 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण, 1 से 3 बजे तक भोजन प्रसादी, 3 से 5 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण, 5 से 8 बजे तक मानस सत्संग रामायण कार्यक्रम एवं तृतीय दिवस 7 से 9 बजे तक गायत्री महायज्ञ, 10 से 12 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण, 12 से 1 बजे तक मुंडन, विद्यारम्भ, पुष्पम एवं दीक्षा संस्कार 1 से 3 बजे तक भोजन प्रसादी, 3 से 6 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण एवं दीप महायज्ञ एवं 6 से 9 तक संगीतमय रामायण सत्संग होगा।

### आंख में मिर्ची पावडर छिड़कने वाला आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** 21 जनवरी 2025 की शाम प्रार्थी मो. अयाज अपने दोस्त अतिक कुरैशी के साथ होटल में खाना खाकर दानीटोला घर लौट



रहा था। शाम 7.45 बजे रास्ते में साहिल उर्फ मुंडन गौली ने उनका रास्ता रोकर शराब पीने के लिए रूपये की मांग की। पैसा नहीं देने पर साहिल ने अयाज को अश्लील गालियां देते हुए मारपीट की और आंख में मिर्ची पावडर छिड़ककर भाग गया। कोतवाली पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी शुरू की । पुलिस ने रिसाईपारा निवासी साहिल गौली को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने जुर्म करना स्वीकार किया। धारा 246(2), 296, 115(2), 351(2), 119-(1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में कोतवाली के प्रधान आरक्षक हरिशंकर सिन्हा, आरक्षक सुरेन्द्र डडसेना, महेश्वर ध्रुव का योगदान रहा।

पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत आवेदन करने के लिए तीन दिन शेष

# बड़ी-बड़ी कंपनियों में काम सीखेंगे जिले के डेढ़ सौ युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में काम सीखने के लिए युवाओं के पास सुनहरा अवसर है। पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत युवाओं से आवेदन लिए जा रहे हैं। धमतरी से दसवीं, बारहवीं, ग्रेजुएट, आईटीआई पास 146 युवाओं को सिलेक्ट किया जाना है। अब तक मात्र 55 आवेदन ही आए हैं। खास बात यह है कि कंपनियों में जॉब वर्क सीखने के साथ युवाओं को 5 हजार रुपए हरमाह छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवाओं के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियों में काम सीखने के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना एक सुनहरा अवसर है। इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए महज तीन दिन बाकी हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में युवा आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। धमतरी जिले के लिए दसवीं, बारहवीं, ग्रेजुएट, आईटीआई पास 146 युवाओं का चयन किया जाना है। अब तक इस योजना के लिए मात्र 55 युवाओं ने आवेदन किया है। स्थिति को देखते हुए भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी में 10 से 12 मार्च तक शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें युवाओं को आवेदन संबंधी जानकारी दी जाएगी। पालीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य जीआर साहू ने बताया कि शिविर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इस योजना के तहत 21 से 24 साल के युवा पात्र हैं। इस आयु वर्ग अभ्यर्थी इस शिविर में उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीयन, आवेदन कर सकते हैं। योजना अंतर्गत 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। रेगुलर कॉलेज की पढ़ाई कर रहे छात्र, नियमित रूप से कहीं जॉब करने वाले युवा इस योजना के तहत पात्र नहीं है। यही नहीं परिवार का कोई सदस्य शासकीय नौकरी में है या परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक है तो वे इसके लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। इंटर्नशिप हेतु आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल लांच किया गया है। जिसका उपयोग करके आवेदन फार्म भरा जा सकता है। आवेदन निःशुल्क है। आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 12 मार्च है। आवेदन किसी भी लोक सेवा केन्द्र अथवा स्वयं के मोबाइल से भी किया जा सकता है। आवेदन के लिए आधार कार्ड, संबंधित शैक्षणिक योग्यता जैसे 10 वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा अथवा स्नातक की अंकसूची, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति, आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

### चूके तो सालभर नहीं मिलेगा ऐसा मौका

पीएम इंटर्नशिप योजना का यह दूसरा चरण है। जिसके तहत प्रदेश भर से 880 युवाओं को बड़ी-बड़ी कंपनियों में काम सीखने का मौका दिया जाएगा। इसमें धमतरी के 146 युवा भी शामिल रहेंगे। प्रदेश में काम कर रही जिओ, सारडा एनर्जी, जिंदल, एयरटेल, मोनेट जैसी कम्पनियों में युवाओं को एक साल तक काम सिखाया जाएगा। इस दौरान युवा कम्पनियों के कर्मचारियों के साथ मिलकर काम भी करेंगे। सीखने के दौरान छात्रों को हर माह 5 हजार रुपए की छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

### गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों को लाभ

इस योजना के तहत नेशनल इंस्टीट्यूट से बीटेक, एमटेक, एमबीबीएस, मैनजमेंट जैसी पढ़ाई कर चुके छात्रों को अलग रखा गया है। 10 वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा अथवा स्नातक पास युवाओं को मौका दिया जा रहा है। जानकारी देते हुए प्रोफेसर जयप्रकाश डड़सेना ने बताया कि धमतरी में 10वीं पास 55 छात्रों को अवसर दिया जाएगा। इस केटेगिरी में मात्र 3 आवेदन मिले हैं। 12 वीं पास 50 छात्रों को अवसर दिया जाना है। इस केटेगिरी में 15 आवेदन मिले हैं। इसी प्रकार डिप्लोमाधारी एक छात्र को मौका दिया जाना है। इसमें सिर्फ एक आवेदन आया है। ग्रेजुएशन कर चुके छात्रों के लिए 31 पद रिक्त हैं, इसमें 31 आवेदन आ चुके हैं। आईटीआई पास 9 छात्रों को मौका दिया जाना है। 6 आवेदन मिल चुके हैं।

## डीपीएल क्रिकेट स्पर्धा के 13वें दिन खेले गए पांच मैच



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डीपीएल सीजन 6 क्रिकेट मैच के 13वें दिन 5 मैच खेले गए। पहला मैच अंबेडकर वार्ड और हटकेशर के बीच खेला गया। मैच 10 ओवर का रहा। अंबेडकर वार्ड का स्कोर 65/10 रहा। हटकेशर ने 5 विकेट पर 69 रन बनाए। इस तरह हटकेशर ने 5 विकेट से मैच जीत लिया। हटकेशर के तोरण यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

दूसरा मैच अधारी नवागांव वार्ड और ब्राम्हणपारा वार्ड के बीच खेला गया। जिसमें अधारी नवागांव ने 161/6 रन बनाए। ब्राम्हणपारा की टीम 8 विकेट पर महज 98 रन ही बना पाई। इस तरह अधारी नवागांव ने 33 रन से मैच जीत लिया। नवागांव टीम के शुभम साहू को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीसरा मैच संबलपुर और सोरिद वार्ड के बीच खेला गया। संबलपुर ने 6 विकेट पर 93 रन बनाए। सोरिद की टीम ने 6 विकेट पर 97 बनाए। इस तरह सोरिद की टीम ने 4 विकेट से मैच जीत लिया। जज्जू निषाद प्लेयर ऑफ द मैच रहे। चौथा मैच रिसाईपारा वार्ड और तरसींवा के बीच खेला गया। रिसाईपारा की टीम ने 8 विकेट पर 98 रन बनाए। तरसींवा का स्कोर 99 रन 4 विकेट पर रहा। तरसींवा ने मैच 4 विकेट से जीत लिया। पांचवां मैच रिसाईपारा और रूद्री के बीच हुआ। रिसाईपारा का स्कोर 90/4 रन रहा। रूद्री ने 4 विकेट पर 72 रन बनाए। इस तरह रिसाईपारा ने 18 रनों से जीत दर्ज की।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा : समाज में बदलाव की हुई शुरूआत

## राकेश दीवान ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष, विनोद महासचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गहमा-गहमी के बीच ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। दोपहर



राकेश दीवान

तीन बजे तक वोट डाले गए। इसके बाद मतगणना हुई। शाम तक फाइनल रिजल्ट आया जिसमें अधिवक्ता राकेश दीवान अध्यक्ष निर्वाचित हुए। ज्ञान अमृत स्कूल के संचालक विनोद पांडे महासचिव और लोकेश पांडे कोषाध्यक्ष चुने गए।

लंबे समय बाद ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। चुनावी शोरगुल माहभर पहले से शुरू हो गई थी। ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों ने गांव-गांव घूमकर हर ब्राम्हण परिवार के सदस्यों को समाज का सदस्य बनाया। बकायदा रसीद शुल्क लेकर रसीद काटी गई। 10 दिन से चुनावी शोरगुल शुरू हो गई थी। चुनाव दो पैनल के बीच हुआ। एक पैनल से अधिवक्ता राकेश दीवान



अध्यक्ष, विनोद पांडे महासचिव और लोकेश पांडे कोषाध्यक्ष के दावेदार थे। दूसरे पैनल में अध्योध्या प्रसाद पांडे अध्यक्ष, भूपेंद्र मिश्रा महासचिव और कामता चौबे कोषाध्यक्ष के दावेदार थे। दोनों पैनल के दावेदारों ने जोर-शोर से प्रचार किया। गांव-गांव घूमकर पर्चे बांटे। रविवार को गहमी-गहमी के बीच मतदान हुआ। सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद मतगणना शुरू हुई। शाम तक रिजल्ट भी आ गया, जिसमें समरसता पैनल ने एकतरफा जीत दर्ज की। रिजल्ट आने के बाद सभी सदस्य एकजुट हो गए और विजेता पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### प्रत्येक सदस्य ने डाले तीन वोट

जिले में ब्राम्हण समाज के 764 वोट हैं। नगरी के वोटरों ने चुनाव में हिस्सा नहीं लिया। बाकी बचे 693 वोटरों में से 525 ने मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए अयोध्या पांडे को 208 और राकेश दीवान को 287 वोट मिले। इसी प्रकार महासचिव पद के लिए भूपेंद्र मिश्रा को 207 और विनोद पांडे को 287 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए कामता चौबे को 194 और लोकेश पांडे को 291 वोट मिले। उल्लेखनीय है कि बरखा दीप शर्मा ने भी नामांकन भरा था। उन्होंने नाम वापस ले लिया था। लेकिन मतपत्र से उनका नाम नहीं कटा था। चुनाव में भाग नहीं लेने के बाद भी बरखा दीप शर्मा को 7 वोट मिले।

### कचना में लोककला महोत्सव 28 से

**जीजामगांव।** इस वर्ष भी छग रामधुनी महासंघ के मार्गदर्शन में त्रिदेव रामधुनी व रामायण समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से 28, 29 एवं 30 मार्च को कचना के गौठान चौक, बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस संध्या 4 बजे राउत नाचा के साथ कलश शोभायात्रा निकलेगी। द्वितीय एवं अंतिम दिवस रामायण, पंडवानी, पंथी नृत्य, जस झांकी, रामधुनी एवं फाग कार्यक्रम होगा। हिन्दू नववर्ष उत्सव मनाया जायेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## महिलाओं को मिली कानूनी अधिकार एवं अभिव्यक्ति एप की जानकारी

- जिला पुलिस ने महिला दिवस पर विभिन्न गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर धमतरी पुलिस ने महिला जागरूकता कार्यक्रम चलाया। जिले के थाना प्रभारियों ने अलग-अलग गांवों में पहुंचकर महिला सुरक्षा के लिए बनाये गये कानून एवं उनके कानूनी अधिकार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने महिला सुरक्षा को गंभीरता से लिया है। महिला सशक्तिकरण अभियान को लेकर महिला पुलिस सेल तथा थाना प्रभारी रूद्री ने ग्राम बोरिदखुर्द, गंगरेल, बरारी की महिलाओं को तथा थाना प्रभारी बोराई ने ग्राम घुटकेल, मैनपुर, अकलाडोंगरी पुलिस ने ग्राम अकलाडोंगरी की महिलाओं को अभिव्यक्ति एप, पास्को एक्ट, महिला संबंधी अपराध, आनलाइन ठगी, धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, एटीएम फ्राड, साइबर अपराध, एटीएम चालू करने के नाम पर पर्सनल जानकारी मांगे जाने पर कोई गोपनीय जानकारी नहीं देने की जानकारी दी। महिलाओं के कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा, गुड टच बैड टच, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जागरूकता पर चर्चा की गई।

### अभिव्यक्ति एप से बालिका-महिला की होगी सुरक्षा

धमतरी पुलिस ने अभिव्यक्ति एप से महिला एवं बालिका अपनी सुरक्षा कैसे कर सकती है, इसकी जानकारी दी। जिसमें यूजर के लोकेशन के हिसाब से एसओएस बटन दबाते ही यूजर के पास तुरंत पुलिस सहायता पहुंचेगी। इसके अलावा महिलाएं कहीं भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकती हैं। इस एप की जानकारी देकर एप डाउनलोड करने को कहा गया।

रूद्री थाना प्रभारी, थाना बोराई प्रभारी, अकलाडोंगरी पुलिस टीम ने महिला सशक्तिकरण अभियान में बोरिद खुर्द, गंगरेल, बरारी, घुटकेल, मैनपुर, अकलाडोंगरी की महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

क्रिकेट मैच और परीक्षा सीजन से गंगरेल पर्यटन में छाई सुस्ती

# वाटर स्पोर्ट्स में मोटरबोट की थमी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बोर्ड परीक्षा तथा भारत-न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मैच का असर गंगरेल पर्यटन में छाया रहा। रविवार को गंगरेल पर्यटन में गिनती के सैलानी नजर आये। इधर आदिशक्ति अंगारमोती के दरबार में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ गंगरेल पर्यटन का आफ सीजन शुरू हो जाता है। शनि और रविवार को अवकाश होने पर भी पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है। इस रविवार को गिनती के पर्यटक नजर आये। उनका कहना है कि सामान्य तथा बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है। होलाष्टक के कारण मांगलिक कार्यक्रम पर कुछ दिनों के लिए विराम लग गया है, जिसके कारण पर्यटकों की संख्या घट गई है।



### मैच का रहा प्रभाव

गंगरेल स्थित वाटर स्पोर्ट्स के संचालक असकंध सिंह का कहना है कि रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल क्रिकेट मैच खेला गया, जिसके कारण वाटर स्पोर्ट्स के लिए आने वाले युवा नदारद हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को मिनी गोवा में सुस्ती छाई रही।

### मां अंगारमोती के दरबार में श्रद्धालुओं का तांता

आदिशक्ति मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि रविवार को देवी दरबार में श्रद्धालुओं की कतार सुबह से लगी रही। देवी स्थल में चैत नवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई है। चैत नवरात्रि 30 मार्च से 7 अप्रैल तक होगी। इसके लिए ज्योति पंजीयन भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि यहां भारतीय मूल के विदेशी लोगों के द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है।

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 21 मार्च 2025, 02 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल 2025, 09 मई 2025, 23 मई 2025, 06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### अंगीरा के धमतरी जनपद अध्यक्ष बनने से नगरी में जश्न



**धमतरी।** अंगीरा ध्रुव के धमतरी जनपद अध्यक्ष बनने से नगरी के लोगों में खुशी का माहौल है। ज्ञात हो कि अंगीरा ध्रुव ग्राम गोरेगांव (नगरी) की निवासी हैं। गोरेगांव निवासी ओमप्रकाश नेताम का कहना है कि गोरेगांव की बेटी आज धमतरी जिले में जनपद का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इससे गांव में खुशी है। अंगीरा ध्रुव की मां गीता ध्रुव का कहना है कि घर में लोगों का दिनभर आना-जाना लगा हुआ है। फरसियां, आमदी, गोरेगांव, नगरी से लोग मोबाइल या घर में आकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। मेरी बेटी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। मैं बहुत खुश हूं कि मेरी बेटी अपने ससुराल के साथ मायका को भी खुशियां दे रही हैं। आदिवासी समाज का भी आशीर्वाद अंगीरा ध्रुव को मिल रहा है।

### राजपुर में मुकेश बने उपसरपंच



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत राजपुर में राजीव गांधी सेवा केन्द्र भवन में उपसरपंच पद के लिए मतदान हुआ। ग्राम पंचायत में 13 वार्ड पंच तथा सरपंच सहित 14 वोट थे। उप सरपंच पद के लिए दो उम्मीदवार थे। वार्ड 9 के पंच लक्ष्मण ध्रुव व वार्ड 12 के युवा पंच मुकेश सिन्हा ने उपसरपंच पद के लिए नामांकन फॉर्म भरा। मतदान में मुकेश सिन्हा को 9 वोट व लक्ष्मण ध्रुव को 5 वोट मिले। मुकेश सिन्हा 4 वोट से जीतकर उप सरपंच निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित उपसरपंच को समर्थकों ने गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष जनक सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, सचिव गिरवर यदु, रामसाय सिन्हा, सोहन सिन्हा, विजय यदु, रेखराम ध्रुव, जितेन्द्र कंवर, शत्रुघ्न ध्रुव, दुकालु ध्रुव, भगवंत सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, हुकुम यादव, लाला साहू, गुलशन कंवर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### आदिवासी कंवर समाज के अध्यक्ष बने राजेश



**कोर्रा(भखारा)।** राजेश कौशल को आदिवासी कंवर समाज का पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री कौशल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में रोटी बेटी पर प्रकाश डालते हुए समाजजनों से एकजुट रहने की अपील की।

## निधन

### खोरबाहरा साहू



**धमतरी।** ग्राम बिरेझर निवासी खोरबाहरा साहू 65 वर्ष का गत दिनों निधन हो गया। वे नोहेश साहू, तालेश्वर, भूषण के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि गांव के मुक्तिधाम में की गई, जिसमें सरपंच एवं ग्रामीण सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

### जीवन लाल सिन्हा



**कुरुद।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के पूर्व सदस्य ग्राम टिपानी निवासी जीवन लाल सिन्हा का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे सीतादेवी सिन्हा के पति व ग्राम पंचायत जोरातराई के रोजगार सहायक बलराम सिन्हा एवं किशन के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

जहां हुआ था टिकट का विरोध, वहीं मत्था टेककर लिया आशीर्वाद

# विरोध से विजय तक : किसान अरुण की ऐतिहासिक जीत

- साधारण किसान से जिला पंचायत अध्यक्ष तक संघर्ष, संकल्प और सफलता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

एक साधारण किसान जो वर्ष 2007 से खेतों में मेहनत कर अपने परिवार सहित सिहावा अंचल के सैकड़ों किसानों का सहारा बनकर उनके जीवन को संवारने का कार्य कर रहा था। उसके मन में वर्ष 2025 में एक विचार क्रांति की तरह उठा क्यों न जिस आधुनिक कृषि तकनीक ने उसे शून्य से शिखर तक पहुंचाया, वही तकनीक और केंद्र की नरेंद्र मोदी तथा राज्य की विष्णु देव साय सरकार की किसान उन्नति योजनाओं का लाभ क्षेत्र के हर किसान तक पहुंचाया जाए। उन्होंने किसानों की आर्थिक मजबूती के लिए एक बड़े मंच की जरूरत महसूस की और राजनीति को इस दिशा में एक प्रभावी माध्यम समझते हुए जिला पंचायत चुनाव लड़ने का संकल्प लिया। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, महापौर धमतरी रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस सहित राज्य और जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं की दूरदर्शी सोच ने उनकी लोकप्रियता और जनसेवा की भावना को पहचाना और उन्हें भाजपा से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित करवाया।



### विरोध के स्थल पर ही सिर नवाकर लिया आशीर्वाद

अपनी जीत के बाद अरुण सार्वा सबसे पहले नगरी स्थित उसी भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहाँ उनके टिकट की घोषणा के बाद विरोध प्रदर्शन हुआ था। उन्होंने वहां भाजपा के महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने संकल्प लिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की मूल विचारधार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने को वे अपने कार्यकाल में पूर्ण करेंगे। आज क्षेत्र की जनता गर्व से कह रही है कि यदि दिल में जनसेवा की सच्ची भावना हो और कुछ करने का जज़्बा हो, तो लाख मुश्किलों के बावजूद एक सच्चा इंसान जनता के विश्वास पर खरा उतरता ही है। अरुण सार्वा की यह ऐतिहासिक यात्रा सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि हर उस किसान और संघर्षशील व्यक्ति की प्रेरणा है, जो अपने दम पर सफलता की ऊंचाइयां छूने का सपना देखता है।

### टिकट पर विवाद, विरोध और ऐतिहासिक जीत




30 जनवरी को जैसे ही भाजपा ने अरुण सार्वा को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया, सिहावा अंचल में उत्साह की लहर दौड़ गई। लेकिन इसी दिन भाजपा के ही कुछ असंतुष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नगरी स्थित भाजपा कार्यालय में टिकट खरीद-फरोख्त का आरोप लगाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जो भाजपा के इतिहास में एक अप्रत्याशित घटना थी। इस विरोध की पूरे क्षेत्र और देशभर में तीखी आलोचना हुई। हालांकि जनता ने भाजपा के निर्णय को सही साबित करते हुए अरुण सार्वा को 15,000 से अधिक मतों से ऐतिहासिक जीत दिलाई और जिपं धमतरी में अपना प्रतिनिधि चुनकर भेजा। भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व ने जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष पद का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया और यहां भी अरुण सार्वा ने निर्विरोध जीत दर्ज कर अपने सपने को साकार किया।

## डिप्टी सीएम से मिले जनपद उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष हृदय साहू ने रायपुर में उपमुख्यमंत्री अरूण साव से उनके निवास में मुलाकात कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आशीर्वाद लिया। श्री साहू ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि नगरी सिहावा आदिवासी वनांचल क्षेत्र है जो विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। यहां बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा आज भी सही तरीके से उपलब्ध नहीं हो रही है। इन समस्याओं का निदान अति आवश्यक है। मौके पर जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, तहसील साहू समाज नगरी के अध्यक्ष कंवलराम साहू, धमतरी ग्रामीण उपाध्यक्ष विजय साहू, अंकेक्षक अनराज साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष टिकेश साहू, ललित चौधरी, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मितेश साहू उपस्थित थे।

## जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी का बिहान समूह की महिलाओं ने किया सम्मान

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विकास महिला क्लस्टर संगठन कोर्रा ने रखा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान समूह से जुड़ी विकास महिला कलस्टर संगठन कोर्रा की महिलाओं ने ग्राम हंचलपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर नवनिर्वाचित जपं कुरुद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का नहीं, बल्कि नारी शक्ति, समानता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन हमें मिलकर उन्हें और मजबूत बनाना होगा। उन्होंने उन्हें मिले जनपद अध्यक्ष पद के लिए अपने स्व. ससुर के पुण्य प्रताप, अपने गांव के समर्थक, क्षेत्रवासी एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को श्रेय देकर हर वर्ग के सुख दुःख के सहभागी बनने की बात कही।

इससे पूर्व महिलाओं ने विविध खेलकूद एवं नृत्य का आयोजन कर प्रतिभागी विजेताओं को इनाम वितरित किये। इस अवसर पर क्लस्टर अध्यक्ष पूनम दुबे, उपाध्यक्ष द्रौपदी ध्रुव, सचिव धनेश्वरी साहू, सहसचिव रुबिका खुंटे, पीआरपी राजबती सिन्हा, लेखापाल योगेश्वरी साहू, कुमारी साहू, इंद्राणी साहू, रीमा, प्रीतिका, मंजु ध्रुव, कामिनी ध्रुव, विनीता साहू, गीता, टेमिन, चुनिया, लक्ष्मी, सरोजनी, केशर, पूर्णिमा, बसंती, सुनीता, पुष्पा, नंदनी, हितेश्वरी, ममता सिन्हा, टोमन खुटे, मिथिलेश साहू उपस्थित थे।

## माह में शून्य स्क्रीनिंग वाले उपस्वास्थ्य केंद्र को जारी होगा नोटिस

- एलएचवी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिलाएं हुईं सम्मानित
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएल कौशिक के निर्देशन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ शारदा ठाकुर की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में 100 दिवसीय अभियान, टीबी मुक्त पंचायत, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की गई। विकासखंड मगरलोड के गांव-गांव से वयोवृद्ध को टीबी जांच हेतु लाने कहा गया। गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की स्क्रीनिंग तथा रिस्क्रीनिंग शत-प्रतिशत करने को कहा गया। माह में शून्य स्क्रीनिंग वाले उपस्वास्थ्य केंद्र को नोटिस जारी करने कहा गया। मुख्यमंत्री बाल मधुमेह सुरक्षा योजना के तहत सुविधाओं का लाभ लेने प्रत्येक बुधवार को मधुमेह ग्रसित बच्चों को जिला चिकित्सालय उपचार हेतु टीआईडी क्लिनिक भेजने को कहा गया।

बैठक में बीपीएम मनोज पटेल ने ब्लॉक के 70 व 70 साल से अधिक उम्र के वयोवृद्ध का आयुष्मान वय वंदना कार्ड 100 प्रतिशत बनाने निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 48 प्रतिशत कार्ड बना है, शेष सभी का वय वंदना कार्ड बनाना सुनिश्चित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खंड चिकित्सा अधिकारी ने महिला सुपरवाइजर एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों का स्वास्थ्य संबंधी उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मितानिन प्रशिक्षकों को पेन कॉपी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संचालन में बीईटीओ शील कुमार दावना, बीडीएम प्रमोद मनहरे, अश्वनी गायकवाड़ एनसीडी काउंसलर, केशव आरएनटीसीपी काउंसलर, सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष सहित स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग रहा।

## जोरातराई में भाजपा समर्थित गयाराम बने उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



ग्राम पंचायत जोरातराई (सि) में शनिवार को उपसरपंच का निर्वाचन हुआ। उपसरपंच हेतु वार्ड क्रमांक 03 से निर्वाचित हुए पंच भाजपा समर्थित गयाराम साहू व कांग्रेस समर्थित वार्ड 10 के नीलकमल के लिए वोटिंग की गई जिसमें गयाराम साहू ने जीत दर्ज की। गयाराम साहू के उपसरपंच बनने पर भाजपाइयों ने हर्ष जाहिर कर आतिशबाजी की एवं पूर्व सरपंच सविता गंजीर व नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू के घर पहुंचकर जीत का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर चोवाराम साहू, हेमंत साहू, दिलीप साहू, दानीराम साहू, लोकनाथ साहू, खिलेश्वर साहू, रमेश साहू, कामता प्रसाद, दीपक साहू, गुहरी यादव, पूजा साहू, ओमिन साहू, झामिन साहू, लुमेश साहू, टिकेश साहू, संतोष यादव, दिनेश साहू, रामकुमार साहू उपस्थित थे। उप सरपंच के निर्वाचन में सरपंच प्रीति साहू, पंचगण रोहिणी साहू, पवन साहू, प्रतिमा साहू, सरोज साहू, नोमेश्वरी साहू, बसंती साहू, महेश्वर साहू, योगेश्वरी मिथलेश ने भाग लिया। सचिव श्री सिन्हा, कम्प्यूटर आपरेटर नरेंद्र साहू एवं भृत्य गिरधर साहू का विशेष सहयोग रहा।

## ग्राम बिरगुड़ी के उपसरपंच अकबर बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत बिरगुड़ी में अकबर कश्यप को उपसरपंच बनाया गया। सरपंच अमृत नाग, पंच मदन, सरोज, राजेश, दुगेश कश्यप, सृजन, दुर्गा नाग, अनिल नाग, सोनारसाइ, हेमनाथ, संगीता बिसेन, शशि कश्यप, मीना यादव, उमेश्वरी कुंजाम, सथिरा लहरे, सावित्री सरोत्र, दुर्गेश समुन्द्र, विजय, सतीश प्रभास, अकेन्द्र कश्यप, संजय शांडिल्य, दीपक साहू राजपूत, पुम्मन साहू, संतोष पाण्डे, तामेश्वर सोम, ललित कश्यप, मुकेश ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

## झेरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज सिहावा का वार्षिक अधिवेशन नयापारा सांकरा में शनिवार और रविवार को आयोजित किया गया। अध्यक्ष संतोष यादव, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, सहसचिव भूपेंद्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष गौतम यादव, सांकरा संरक्षक भुनेश्वर यादव, बिरगुड़ी सलाहकार हरीश यादव, भोला यादव, जीवन यादव, शिव कुमार, यादव ने विधायक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## स्वागत समारोह की झलकियां



जिला पंचायत परिसर में समर्थकों ने किया आत्मीय स्वागत।



महापौर रामू रोहरा और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने दी बधाई।



नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने किया समर्थकों के साथ स्वागत।



नगरी में व्यापारियों ने किया आत्मीय स्वागत।



नगरी में समाजसेवियों से सौजन्य भेंट।



निवास स्थान पहुंचने पर परिजनों ने किया स्वागत।

## 3 माह से नहीं मिला वेतन, अब नौकरी से निकालने का आदेश



- जपं नगरी के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने उपमुख्यमंत्री, वित्तमंत्री को बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जनपद पंचायत नगरी के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 3 महीने से वेतन नहीं मिला है। अब नौकरी से निकालने का आदेश मिलने पर आक्रोश है। इसे लेकर कर्मचारियों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। मंत्रियों ने भरोसा दिलाया कि किसी भी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होगा, किसी प्रकार की छंटनी भी नहीं होगी। नियमितीकरण का लाभ दिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष सीमांत प्रजापति छत्तीसगढ़ मनरेगा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी महासंघ ने कहा कि मनरेगा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की बदौलत जनपद पंचायत, जिला पंचायत में दिन रात काम चलता है साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का कार्य लिया जाता है। त्रिस्तरीय पंचायत, विधानसभा, लोकसभा चुनाव में उनसे काम लिया जाता है, फिर भी न ईपीएफ और न ही श्रम सम्मान राशि 4000 का लाभ दिया है। 800 परिवारों को सड़क पर खड़ा कर दिया गया है। नेता हो या अधिकारी सब गोलमाल जवाब देते हैं।

Pride of Dhamtari
आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### दिव्यांग मित्रों ने नये कलेक्टर से की मुलाकात



**धमतरी।** दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति एवं छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्यों ने नये कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात की। कलेक्टर दिव्यांगों की विभिन्न गतिविधियों से अवगत हुए। इस अवसर पर घनश्याम सिंह साहू, बसंत कुमार विश्नोई, संतोषी विश्नोई, रोहित साहू, डेरहाराम नीलकंठ, सुलेखा अली, सोमन साहू, शिवचरण साहू, राधिका उपस्थित थे।

### दरगहन स्कूल में न्योता भोज हुआ





**कोर्रा(भखारा)।** माध्यमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला दरगहन में यशवंतराव पवार ने बच्चों को न्योता भोज कराया। इससे बच्चों के चेहरे में काफी खुशी देखी गई। कार्यक्रम में शिव, धर्मराज नेताम, प्रधान पाठिका रोहिणी, बारले मैडम समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और गांव के प्रमुखजन मौजूद रहे। सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा कार्यक्रम होते रहना चाहिए। इससे बच्चों का मनोबल बना रहता है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी चुनेश्वर यादव ने दी।

### खरतुली में सुरेश दूसरी बार बने उपसरपंच



**धमतरी।** ग्राम पंचायत खरतुली में शनिवार को उपसरपंच पद का चुनाव हुआ। उपसरपंच के लिए कांग्रेस से सुरेश सिन्हा और भाजपा की ओर से ईश्वरी साहू मैदान में थे। सुरेश सिन्हा दूसरी बार उपसरपंच निर्वाचित हुए। इस मौके पर सरपंच उमेश नेताम, जनपद सदस्य प्रकाश पवार, खिलानंद साहू, गीतांजलि सिन्हा, अर्जुन साहू, पूर्व सरपंच दिनेश सिन्हा, धनेश्वरी साहू, खिलेश्वरी साहू, अरूणा साहू, जयप्रकाश सिन्हा, पुनारद साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### मौरीकला में तुलेन्द्र निर्विरोध उपसरपंच चुने गए



**सिर्री।** ग्राम पंचायत मौरीकला (गुफा) में 8 मार्च को उपसरपंच का चयन किया गया। तुलेंद्र साहू को पंचों द्वारा निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया गया। हार गुलाल से उनका स्वागत किया गया। विदित हो कि ग्राम पंचायत मौरीकला में भाजपा समर्थित वीणा रोहित साहू को 349 मतों से जीताकर ग्रामीणों ने सरपंच चुना है। वहीं उपसरपंच भी निर्विरोध चुन लिया गया। इस अवसर पर पंचगण दुलारीबाई साहू, रामेश्वरी नगारची, चंद्रकला साहू, भागीरथी साहू, महेंद्र साहू, रुपेश्वरी साहू, रोशनी साहू, एसकुमार साहू, टेमिन साहू, रोहित साहू, निर्मला साहू सहित पंचायत सचिव तोरण वर्मा, रोजगार सहायक चंद्रकिरण साहू, प्रेमलता साहू, जगदीश सेन, यादराम साहू, शिवकुमार साहू, कृष्कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जावेद तीसरी बार उपसरपंच बने



**नगरी।** ग्राम पंचायत गट्टासिली में शनिवार को उपसरपंच का चुनाव हुआ जिसमें जावेद खान 6 वोट से विजय होकर तीसरी बार उपसरपंच बने। मौके पर सरपंच रामकुमार समरथ, जितेन्द्र नेताम,शिवकुमार परिहार, नोहर नेताम, प्रताप ठाकुर, करिश्मा नेताम, तमेश्वरी नेताम, सुदामा महिलांगे, मिथिला प्रजापति, रेखा मरकाम, दिलीप मरकाम, मीना ध्रुव, धर्म नेताम, रवीना मरकाम, निधि नेताम, नीतू निर्मलकर, सावित्री मरकाम, राजकुमार यादव, कमलेश मिश्रा, तारा मंडावी, जयचंद नेताम अखिलेश प्रजापति, नटवर नेताम, असवन नेताम, संतोष नेताम, गौतम नेताम, नरबाद नेताम, गोविन्द नेताम, अनवर सिद्दीकी, भोला नेताम, भैयालाल, संजय शांडिल्य उपस्थित थे।

### अरौद पंचायत में गीता बनीं उपसरपंच




**मगरलोड।** 8 मार्च को अरौद पंचायत में उपसरपंच का चुनाव हुआ। अरौद में 10 वार्ड है। सरपंच सहित 7 पंचों के साथ पंचायत में भाजपा का कब्जा है। मात्र 3 पंच कांग्रेस से हैं। उपसरपंच चुनाव प्रक्रिया में भाजपा से गीताबाई साहू पति धनेश्वर व कांग्रेस से गुलाबराम साहू ने नामांकन भरा। चुनाव परिणाम में भाजपा की गीताबाई साहू को 8 तथा कांग्रेस से गुलाबराम साहू को मात्र 2 मत प्राप्त हुए। एक मत अवैध माना गया। इस प्रकार उपसरपंच पद के लिए भाजपा से गीताबाई साहू को 6 मतों से विजयी घोषित किया गया। ग्राम पंचायत अरौद में भाजपा का कब्जा बरकरार है। पंचायत सचिव माहेश्वरी ध्रुव, चुनाव प्रभारी व्यास नारायण चंद्राकर ने उपसरपंच का चुनाव सम्पन्न कराया। इस अवसर पर रिखीराम साहू, दिनेश साहू, भूपाल राजपूत, विरेंद्र साहू, सुरेश साहू, पूरन साहू, खिलावन साहू, महेंद्र साहू, गोविंद, ओम, लोकेंद्र, धर्मेंद्र, विश्म्भर, रमेश, धनेश्वर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

# भक्तों ने निकाली खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

श्याम भक्तों ने रविवार को शाम 5 बजे खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली। भक्तों ने हाथों में ध्वजा पताका लिए श्याम बाबा के जयकारे लगाए। शोभायात्रा का शहर के विभिन्न जगहों पर भव्य स्वागत हुआ।

निशान यात्रा मठ मंदिर से प्रारंभ होकर गोलबाजार, बालक चौक, घड़ी चौक, सिहावा चौक, रायपुर रोड



होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची। रास्ते में आतिशबाजी हुई। बैंड बाजे की धुन पर भक्ति गीतों की धुन चली। भक्त लाल, पीले, केसरिया रंग का ध्वजा लेकर चले। महिलाएं केसरिया परिधान में नजर आईं तो पुरूष श्वेत वस्त्र धारण किए थे। निशान यात्रा में भक्तों का काफी उत्साह देखा गया। पीछे रथ में भगवान श्री श्याम बाबा विराजमान थे। रास्ते में मीठा प्रसाद भक्तों को बांटा गया। श्याम परिसर पहुंचने पर भक्तों ने आतिशबाजी और फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। दो घंटे की इस यात्रा में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। स्वागत के लिए रास्ते में शरबत, नाश्ता का स्टाल लगाया गया था। इस अवसर पर रतन अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, मदन गोयल, बिहारी अग्रवाल, नवलकिशोर, मदन मोहन खंडेलवाल, गोपाल शर्मा, सतीश अग्रवाल, विष्णुदयाल अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण साहू, ममता अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, कविता अग्रवाल, पायल अग्रवाल, पायल गोयल, पूजा, कैलाश, सुरेश गोयल, लाला खंडेलवाल, मनसुख अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## शिष्टाचार, संस्कार सत्कर्मों को जन्म देता है : रंजीत साहेब



- अटंग में तीन दिवसीय सत्संग का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम अटंग के साईं मंदिर के समीप साहू भवन में कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 से 7 मार्च तकसत्संग समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य प्रवचनकर्ता रंजीत साहेब थे। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि उचित संस्कार, शिष्टाचार देने से ही संतान का जीवन सुखमय हो सकता है, क्योंकि वही सत्कर्मों को जन्म देता है। गलत कार्यों को करने के लिए सीखने की जरूरत नहीं होती है। यज्ञ, हवन, पूजन, सत्संग से समाज को सही दिशा में लाने का सदैव प्रयास किया जाता है। लेकिन कहीं भी अपराध करने के लिए ट्रेनिंग नहीं दी जाती। लेकिन फिर भी लोग अपराध करना बिना सिखाए सीख जाते हैं। गलत करने वाले लोग भी अपनी संतान को सही मार्ग में ले जाना चाहते हैं। बुरा कार्य करने के लिए किसी व्यक्ति को प्रेरणा नहीं देना पड़ती। अच्छे कर्मों को करने के



लिए लगातार प्रेरणा देनी पड़ती है। लेकिन फिर भी लोग उस तरफ प्रेरित नहीं हो पाते। सत्संग में सहयोगी प्रवक्ता समेंद्र साहेब और अनिल साहेब थे। इसके अलावा अन्य संत भी विभिन्न स्थलों से पहुंचे थे। प्रवचन सुनने श्रोतागण की भीड़ रही। अंतिम दिवस 7 मार्च को प्रवचन सुबह 10 से 2 बजे तक हुआ। आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

मौके कर डा. द्वारिका साहू, वेदप्रकाश साहू, धूषणलाल साहू, रोशन चंद्राकर, शिवकुमार साहू, भूपेंद्र साहू, टेकराम साहू, मन्नूलाल साहू, निरंजन साहू, किशनलाल साहू, दाऊलाल साहू, राजेश साहू, प्रकाश साहू, केपी साहू, लिम्मन साहू, गोकुल साहू, तुलाराम साहू सिर्री, कलीराम साहू, राजकुमार साहू, रजउराम साहू सहित समीपस्थ गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे।

## पंच-सरपंच के साथ भोथली के भाजपाई विधायक से मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ग्राम पंचायत भोथली के सरपंच और उनकी टीम सहित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने विधायक अजय चंद्राकर से रायपुर स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा से भी मुलाकात कर उनके अध्यक्ष बनने पर हर्ष जताया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच योगेश साहू, उपसरपंच पोखराज नेताम, ईश्वरी राम साहू (पूर्व सरपंच), भारत साहू, भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी कमलेश चंद्राकर, एसराम देवांगन, खूबलाल देवांगन, राजेश सेन, बूथ अध्यक्ष लोमस देवांगन, फूलसिंग दीवान, तोमन साहू, दुलारू यादव, दिनेश्वरी देवांगन, महिला प्रतिनिधि कौशिल्या पटेल, गीता देवांगन, जागेश्वर नेताम, भागवत देवांगन, संतोषी ध्रुव, मनभा यादव, चन्द्रदेव यादव, युवराज देवांगन, प्रमिला देवांगन, अहिल्या ध्रुव, ममता देवांगन, पुरईन यादव, टिकेश्वर ध्रुव, केशरी ध्रुव मौजूद रहे।

## मानसगान में मां कामरू कामाख्या मंडली चतुर्थ रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम गोबरा एवं चरमुड़िया में मानसगान का आयोजन हुआ। मां कामरू कामाख्या मानस मंडली ने गोबरा में चतुर्थ स्थान एवं ग्राम चरमुड़िया में अनुशासन में प्रथम स्थान मिला। तबला वादन में सुरेश दास मानिकपुरी, नाल में यशवंत कुंजाम, हारमोनियम, बांसुरी व्याख्या एवं गायन में वासुदेव कुंजाम, पैडू में भीखु यादव, बेंजो में चुरामन साहू, मंजीरा में खेलसिंह ध्रुव, ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने संगत दी। सहयोगी गायिका भगवती मरकाम, शेष मरकाम, भारती कुंजाम थे। इस सफलता पर सरपंच मनीषा मरकाम, संतोष यादव, गिरवर नागवंशी, भीखम मरकाम, कुशल कुंजाम, ऋषि गंगेले, योगेन्द्र श्रीमाली, गोविंद साहू, डोमन बंजारे, संजय सोनी, दीपक, लक्ष्मी, तहसीलदार प्रेमूलाल साहू, महेश दास मानिकपुरी ने हर्ष व्यक्त किया।

## महापौर रोहरा से अरुण, टोमन मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रेस्ट हाऊस में धमतरी जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष बालोद टोमन साहू ने महापौर रामू रोहरा से भेंट की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, महेंद्र पंडित, गोलू ठाकुर उपस्थित थे।

## बनबगौद पंचायत के गोपी निषाद बने उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुकरेल(धमतरी)

बनबगौद पंचायत में उपसरपंच का निर्वाचन हुआ, जिसमें गोपी निषाद उपसरपंच निर्वाचित हुए।

ग्रामीणों ने हारगुलाल से उनका स्वागत किया। मौके पर नोमेश्वरी साहू, रूक्मणी बाई सिन्हा, सत्या बाई नेताम, अहिल्या बाई साहू, विद्या ध्रुव, सगरू सोरी, जानकी बाई पाहरिया समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कुश्ती शारीरिक, मानसिक मजबूती का खेल : रोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- इंडोर स्टेडियम में हुई कुश्ती प्रतियोगिता

खेल एवं युवा कल्याण विभाग व्दारा खेलो इंडिया लघु केंद्र अंतर्गत इंडोर स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महेंद्र पंडित, अविनाश दुबे, अशोक सिन्हा, पार्षद कुलेश सोनी, लक्ष्मण पहलवान थे।

इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि कुश्ती सिर्फ शारीरिक ही नहीं मानसिक खेल भी है खिलाड़ी को शारीरिक के साथ मानसिक रुप से भी मजबूत रहना चाहिए। कुश्ती में जैसे खिलाड़ी दांव लगाकर जीत की कोशिश करते हैं वैसे जीवन में आई विपत्ति से घबराए नहीं बल्कि दांव लगाकर उसे चित करें। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना का परिचय देने का आग्रह किया। उन्होंने पराजित होने वाले खिलाड़ियों का और भी अभ्यास करने की समझाइश दी।

## परखंदा में खुली एक और राशन दुकान



- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मिली ग्रामीणों को सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कुरूद क्षेत्र के ग्राम परखंदा में एक और नई शासकीय उचित मूल्य की दुकान का उद्घाटन किया गया। यहां पूर्व से ही एक राशन दुकान संचालित है जिसका संचालन जय बूढ़ादेव स्वसहायता समूह अध्यक्ष श्रीमती धनेश्वरी ध्रुव, सचिव लालिमा ध्रुव द्वारा किया जा रहा है। लेकिन गांव में राशन कार्डधारियों की संख्या में वृद्धि होने के कारण गांव में संचालित जय मां दंतेश्वरी स्वसहायता समूह अध्यक्ष चित्ररेखा साहू सचिव तृप्ति साहू को एक और नई राशन दुकान का दायित्व सौंपा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महामंत्री कुरूद टिकेश साहू ने बताया कि सरकार द्वारा किसी गांव में 700 से अधिक राशन कार्डधारी होने पर दो राशन दुकान रखने का प्रावधान है। ग्राम परखंदा में राशन कार्डधारियों की संख्या 1097 है। उन्होंने सोसायटी को अच्छे ढंग से संचालित करने की बात समूह की महिलाओं से की। इस दौरान ग्राम सरपंच श्रीमती माधुरी मोहित साहू, गिरेंद्र साहू, धनेश्वरी ध्रुव, चैन साहू, टीकाराम साहू, रबी ध्रुव, चंपू निर्मलकर, शत्रुघन बारले, विवेक वैष्णव, दुर्गेश यादव, नरोत्तम साहू, मोतीलाल साहू, रोहित यादव, संतोष निषाद, रामजी निषाद, शोभाराम पटेल, पदमा साहू, खिलेश साहू, दिवान निषाद , गोपी यादव, खिलेश साहू, राजू गजबल्ला, श्याम साहू, साहिल, बिट्टू, राजा, नीरा साहू, पूजा, मिथिला साहू, युगल, शिवराम, रूपराम, उग्गू रजक, लक्ष्मी साहू, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## राधेलाल बने बाजार कुर्रीडीह के उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत बाजार कुर्रीडह में आठ मार्च को उपसरपंच के लिए चुनाव हुआ, जिसमें राधे मरकाम उपसरपंच निर्वाचित हुए।

नवनिर्वाचित सरपंच मनीषा नरेश मरकाम ने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए सभी आपस में मिलकर काम करेंगे। नवनिर्वाचित पंच लीना सलाम, सतिया नेताम, पार्वती नागवंशी, लक्ष्मी नागवंशी, ठाकुरराम, रोहित, संतोषी नेताम, अमरसिंग, जलसो बाई कमर, भीखम, संगीता, शीला मरकाम, झांगली मरकाम, परमेश्वरी सिंह सहित ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : निरंजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम दर्री में निरंजन साहू उपसरपंच निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद उन्होंने कहा कि गांव के विकास तथा जनता की सुविधाओं तथा उनसे संबंधित योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में वह अपना पूरा योगदान देंगे। सरपंच हिमांशु शेखर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पंचायत के प्रत्येक कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता भी दोहराई।

निरंजन के उपसरपंच बनने पर दयाराम साहू महामंत्री प्रदेश साहू संघ, गीतेश्वरी साहू जनपद सदस्य, खुमान साहू, देवघर साहू ,चोखे साहू ,जागेश्वर साहू, अशोक साहू ,खिलेश साहू, काशी साहू, टोपेश्वर साहू , ईश्वरी साहू, हीरादास, दौलत साहू, कुलेश सोनी, शेखन साहू, प्रभु साहू उपस्थित थे।

## 6 लीटर महुआ शराब जब्त दो कोचिए पर कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



कांकेर पुलिस ने दो अलग अलग जगह छापामार कार्यवाही करते हुए दो शराब कोचिए को पकड़ा और उनके कब्जे से अवैध शराब को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही किया। सहायक उप निरीक्षक भुनेश्वरी भगत ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली थी कि कोड़ेजुंगा में एक व्यक्ति अपने कब्जे में महुआ शराब को बेचने के लिए रखा हुआ है। जानकारी कि तस्दीक कर 8 मार्च को छापामार कार्यवाही करते हुए कोड़ेजुंगा सुग्रीव नगर निवासी 55 वर्षीय शत्रुघन मरकाम पिता हृदय राम मरकाम के घर दबिश दिया। तालाशी के दौरान आरोपी शत्रुघन मरकाम के कब्जे से एक 5 लीटर वाली पीला रंग की प्लास्टिक जरिकेन में 3 लीटर महुआ शराब और नगद 100 रूपएं को जप्त कर धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। दूसरी कार्यवाही में 8 मार्च को शाम सवा 7 बजें ग्राम कुरना में पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी स्कूलपारा कुरना निवासी 58 वर्षीय भागबली यादव पिता स्व. गणेश यादव को पकड़ा। तालाशी लेने पर आरोपी के कब्जे में रखे तीन प्लास्टिक बाटल में हाथ भट्टी से बना हुआ 3 लीटर महुआ शराब और नगद 200 रूपएं को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## अंचल की खबरें

### पटेल समाज ने नपं अध्यक्ष व पार्षदों का किया सम्मान



**नगरी।** कोसरिया पटेल समाज नगरी सिहावा राज के अध्यक्ष वामदेव पटेल, विजय पटेल, मदन सिंह पटेल, अशोक पटेल ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड, क्रमांक 13 के पार्षद आसकरण पटेल, वार्ड 4 के पार्षद नरेश पटेल, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद राजा पवार, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद देवचरण ध्रुव का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। पटेल समाज ने नवनियुक्त नगर पंचायत अध्यक्ष से समाज के भवन के संधारण कार्य हेतु अध्यक्ष निधि से राशि देने की मांग की जिस पर अध्यक्ष ने स्वीकृति प्रदान की।

### चिंवरी में भोलाराम साहू बने उपसरपंच



**सिर्री।** ग्राम पंचायत चिंवरी में उपसरपंच का चयन किया गया। विदित हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में संजीत कुमार साहू ने अपने प्रतिद्वंदी से 53 मतों से जीतकर सरपंच पद हासिल किया। उपसरपंच चुनाव के दौरान भोलाराम साहू अपने प्रतिद्वंदी को 7 वोट से हराकर विजयी हुए और उपसरपंच निर्वाचित हुए। सरपंच, पंचगण सहित ग्रामीणों ने उनका हार गुलाल से स्वागत कर मुंह मीठा कराया। निर्वाचन के समय सरपंच संजीत कुमार साहू, सचिव उपेंद्र साहू, पंचगण हीराबाई साहू, प्रमिला साहू, सुशीला साहू, मोती निषाद, ममता साहू, अशोक साहू, मेनका ध्रुव, गगनदीप साहू, सीमा साहू, चंद्रिका यादव, बिंदु साहू, संजय साहू, अनीता मानिकपुरी, देवबती साहू, रामदेव साहू, नंदिनी तारक, गोवर्धन साहू, देवेंद्र साहू, संतोष वर्मा, रोजगार सहायक पुनारद साहू, ऑपरेटर रवि साहू, भृत्य खेलन साहू मौजूद थे।

### एकल विद्यालय की महिला आचार्यों का हुआ सम्मान




**नगरी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एकल विद्यालय महिला समिति की अध्यक्ष दिनेश्वरी महेन्द्र नेताम ने एकल विद्यालय की महिला आचार्यों का तिलक वंदन व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। सम्मान समारोह में नगरी संच और गंगरेल संच के लगभग 35 आचार्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिनेश्वरी महेन्द्र नेताम ने कहा कि महिला शिक्षकों की भूमिका समाज को सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आपका योगदान सराहनीय है। कर्णेश्वर परिसर में आयोजित समारोह में एकल विद्यालय परिवार के पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित थे। उन्होंने महिला आचार्यों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयास को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की भूमिका, सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई।

### शुक्लाभाटा के उपसरपंच बने यागेश्वर



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत शुक्लाभाटा में यागेश्वर दीवान तीन वोट से विजय प्राप्त कर उपसरपंच बने। ग्राम पंचायत शुक्लाभाटा के आश्रित ग्राम आमाचानी निवासी यागेश्वर दीवान वार्ड क्रमांक 12 से निर्विरोध पंच चुने गए थे। ग्राम पंचायत शुक्लाभाटा में 8 मार्च को पीठासीन भारतलाल व सचिव रमेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में उपसरपंच का चुनाव हुआ जिसमें ग्राम आमाचानी के वार्ड क्रमांक 12 के निर्विरोध पंच यागेश्वर दीवान और वार्ड क्रमांक 16 के निर्विरोध पंच चित्रसेन साहू ने उपसरपंच के लिए दावेदारी की। सरपंच सहित 16 पंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें यागेश्वर दीवान को 10 वोट और चित्रसेन साहू को 7 वोट मिले। यागेश्वर तीन वोट से विजयी हुए। यागेश्वर के उपसरपंच बनने पर टोमेश्वर कंवर, राजू दीवान, अजय दीवान, घनाराम साहू, टम्मन ध्रुव, माधव साहू, राधेश्याम साहू, चम्मन साहू, दिनेश साहू, डायमंड साहू, प्रेमचंद साहू, मुकेश साहू, कुलेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, दिलीप, हेमंत कपूर, फिरतू दीवान, डूमेश्वर साहू सहित ग्राम शुक्लाभाठा व आमाचानी के सैकड़ों ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### दीपदान बने सिवनीकला के निर्विरोध उपसरपंच



**सिर्री।** ग्राम पंचायत सिवनीकला में बीजेपी प्रत्याशी लता जितेश्वर ध्रुव को जनता ने 328 वोटों से लीड करते हुए सरपंच चुना। साथ ही भाजपा के ही पंच प्रत्याशियों ने भी अपने वार्ड में ऐतिहासिक जीत हासिल कर कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया था। 8 मार्च को गांव के पंचायत भवन में उपसरपंच का चयन किया गया। पंचों ने दीपदान साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुना। दीपदान के उपसरपंच बनने पर पंचगण चंद्रकिरण तारक, कुसुम पटेल, सुषमा साहू, किशन पटेल, ममता सेन, अंकुश चंद्राकर, निर्मला बाई, रेणुका कुर्रे, हेमशंकर बंजारे, पूनम साहू, धनराज निर्मलकर, सरस साहू, राधिका पटेल, गीता ध्रुव, लोमश साहू, कृष्णकुमार तारक, गायत्री, सुरेश साहू, गायत्री साहू व ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच लता जितेश्वर ध्रुव, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, टेकराम साहू जनपद सदस्य, चंद्रप्रकाश साहू सिवनी सोसाइटी अध्यक्ष, सुशील साहू पूर्व सभापति जनपद कुरूद, डा. सुरेश, दिलीप साहू, कपिल पटेल, सुरेश साहू, निर्मल पाल, राजकुमार सेन, गुहलेद साहू, काशीराम, डग्गू साहू, मोहन साहू, लोमस साहू, शीतल, द्वारिका, अवध, रजऊ, पुरूषोत्तम, राजेंद्र, पेमन, किशोर, रामेश्वर, प्रताप साहू, केदार तारक ने हर्ष जताया है।

#### आज प्रथम सम्मिलन में नवनिर्वाचित पार्षदों में से चुने जाएंगे उपाध्यक्ष

# साहू ही बनेंगे नपं कुरुद के उपाध्यक्ष, भाजपा की रणनीति पर भी रहेंगी सबकी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरूद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण होने के बाद आज प्रथम सम्मिलन होगा जिसमें उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा। अध्यक्ष कुर्मी समाज से हैं तो उपाध्यक्ष को बहुसंख्यक आबादी वाले साहू समाज से बनाये जाने की चर्चा नगर में हो रही है। अब यह देखना है कि भाजपा-कांग्रेस किसे अपना उम्मीदवार तय करती है और वह कौन साहू है जिसके सिर पर उपाध्यक्ष का ताज सजता है।

सोमवार को नगर पंचायत कुरूद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत सभी 15 वार्ड के पार्षदों का प्रथम सम्मिलन आयोजित करने अधिसूचना जारी की जा चुकी है। पीठासीन अधिकारी व एसडीएम नभसिंह कोसले होंगे। सुबह 10 बजे आहूत सम्मेलन में उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया होगी। 10 बजे से उपाध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा, फिर उसकी समीक्षा, पश्चात अगर दो अभ्यर्थी होने पर मतदान, फिर मतगणना की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यह दोपहर ढाई बजे तक सम्पन्न किए जाएंगे। एक नाम होने पर निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया होगी। उपाध्यक्ष 9 पार्षदों के साथ जीतकर आए कांग्रेसी खेमे से ही बनने की ज्यादा संभावना है।




#### भाजपा भी उतारेगी अपना प्रत्याशी

वहीं भाजपा के 6 पार्षद ही चुनाव जीते हैं जिसके पास बहुमत का अभाव है। बावजूद उपाध्यक्ष बनाने साम, दाम दंड भेद नीति से यदि भाजपा भी उपाध्यक्ष बनाने में सफलता हासिल कर लेती है तो इसे नकारा नहीं जा सकता। यहां अध्यक्ष महिला होने के कारण इस पद के लिए पुरुष सदस्यों को ही वे अपना उम्मीदवार बना सकते हैं जिसमें महेंद्र गायकवाड़, मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी में से कोई भी एक नाम हो सकता है।

#### उपाध्यक्ष के लिए इन नामों की हो रही चर्चा

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस से आए पर्यवेक्षक सुखचंद बेंतरा पिथौरा वन टू वन चर्चा कर पार्षदों से फीडबैक लेकर चले गए हैं। फिर भी खींचतान के चलते किसी एक पर सहमति नहीं बन पा रही है। ऐसे में पार्टी जिसका नाम फाइनल करे उसे समर्थन देने की बात कहकर चले गए हैं। नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद के लिए जिन नामों की चर्चा हो रही है, उनमें सबसे ऊपर नाम मनीष साहू का है। उच्च शिक्षित मनीष साहू तीन बार पार्षद निर्वाचित हो चुके हैं। सभापति का दायित्व भी निभाएं हैं। काफी सरल, सीधे साधे, मनीष सबके साथ सामंजस्य बनाकर चलने वाले व्यक्ति हैं। दूसरा नाम विधानसभा युकां अध्यक्ष देवव्रत साहू का है जो तीन बार पार्षद बन चुके हैं। काफी जुझारू और ऊर्जावान है। तीसरा नाम सर्वाधिक वोटों से जीत दर्ज कर दो बार पार्षद निर्वाचित हुए युकां अध्यक्ष डुमेश साहू का है। वहीं पूर्व उपाध्यक्ष मंजु प्रमोद साहू ने भी अपनी दावेदारी की है। सरल व सहज व्यक्तिव वाली मंजु के नाम पर मुहर लग सकती है।

## गांव का चहूंमुखी विकास ही पहली प्राथमिकता : मुकेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत कुर्रा में मुकेश यादव उपसरपंच बनाए गए। उपसरपंच पद के लिये मुकेश यादव को 21 में से 11 मत मिले। जीत के बाद श्री यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता गांव में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है। सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना है। जनहित के कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान विधायक ओंकार साहू, रंजीत साहू सेक्टर अध्यक्ष, पितेश टंडन सरपंच, पूर्व उपसरपंच घासीराम साहू, भुवन गायकवाड़, चैतूराम देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, तुकाराम पटेल, ठाकुर राम, राधेश्याम यादव, डॉ. सीपी शर्मा, हेमिन गायकवाड़, मधु देवांगन, सुनीता पटेल, डेविड यादव, भारती पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## महिला दिवस पर जरुरतमंदों को बांटा गया कपड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

करियर केयर वेलफेयर सोसायटी और बढ़ते कदम के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को निःशुल्क कपड़ा का वितरण किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष विनोद सचदेव ने बताया कि सामाजिक संस्था बढ़ते कदम के सहयोग से कुरुद के अटल आवास में जरूरतमंद महिला, पुरुष सहित बच्चों को कपड़ा का वितरण किया गया। कुरुद में संस्था हमेशा जरूरतमंदों की सेवा करते आ रही है। इसके अलावा वृक्षारोपण, जागरूकता अभियान, महिलाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर, दिव्यांगों की सेवा व कोरोनाकाल में निःशुल्क मास्क वितरण व रोज खाने कमाने वाले परिवार को राशन का वितरण किया गया था। वर्तमान में विधवा, परित्यक्ता व तलाकशुदा महिलाओं को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए पंजीयन शुरू किया गया है।

## ढोल-नगाड़ों के साथ निगम ने चलाया जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्वच्छता को बढ़ावा देने और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। महापौर रामू रोहरा और आयुक्त प्रिया गोयल के आदेशानुसार शशांक मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान सदर बाजार से विंध्यवासिनी मंदिर, कर्मा चौक होते हुए अंबेडकर चौक तक चलाया गया। अभियान की सबसे खास बात यह रही कि इसे ढोल-नगाड़ों के साथ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को समझाइश दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कचरा न फैलाएं और उसे कूड़ेदान में ही डालें।

#### धमतरी को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं

महापौर रामू रोहरा ने शहरवासियों से अपील की कि वे नगर निगम के सफाई अभियान में सहयोग करें और धमतरी को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है। अगर हर नागरिक सफाई का ध्यान रखेगा, तो हमारा शहर हमेशा स्वच्छ रहेगा। आयुक्त प्रिया गोयल ने भी नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकें और अपने आस-पास सफाई बनाए रखने में मदद करें।

#### सात दुकानदारों पर हुई कार्रवाई

अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने पाया कि कई दुकानदार सड़क किनारे कचरा फैला रहे थे। ऐसे सात दुकानदारों पर 1300 का जुर्माना लगाते हुए उन्हें भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गई। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि यदि आगे भी सफाई नियमों का उल्लंघन किया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महिला दिवस पर मितानिनों का किया सम्मान



- समाज और सरकार के बीच सेतु का काम करती है मितानिन : पं राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राधाकृष्ण भवन में मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। इस आयोजन में धमतरी की सभी 114 मितानिन शामिल हुईं। समाजसेवी और भाजपा नेता पं राजेश शर्मा ने सभी दीदियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

आगामी होली त्योहार का रंग भी आयोजन में दिखाई दिया। मितानिनों ने पं शर्मा को गुलाल और तिलक लगाकर ससम्मान आभार का प्रदर्शन किया। श्री शर्मा हर वर्ष इस तरह का आयोजन करते हैं, जिसमें समाज और सरकार के बीच एक सेतु की तरह सेवा देने वाली मितानिनों का सम्मान किया जाता है। यह सम्मान समारोह भी उसी परंपरा की एक कड़ी है। पं राजेश ने कहा कि महिला दिवस पर मितानिनों का सम्मान करना गौरव की बात है। ये दीदियां ही सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम, निचले और पिछड़े वर्ग तक पहुंचाती है। अंतिम वर्ग के लिए सरकार का पहला स्वरूप मितानिन दीदियां ही हैं। मितानिन ही अंत्योदय के लिए सत्य मित्र है। इनके बिना अंत्योदय का लक्ष्य नहीं पाया जा सकता।

पं राजेश ने कहा कि जब तक अंत्योदय नहीं होगा तब तक समाज का उत्थान भी असंभव है। यही कारण है कि उनके हृदय में मितानिन दीदियों के लिए अप्रतिम सम्मान और स्नेह हमेशा से रहा है। इस आयोजन में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, विकास शर्मा, प्राची सोनी, नीलू डागा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लोकेश डागा ने किया।

## आज जपं कुरूद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित जनपद सदस्य लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




जनपद पंचायत कुरूद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन 10 मार्च सोमवार को जनपद सभाहाल में सुबह 11 बजे से रखा गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोर्झा जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन समेत निर्वाचित जनपद सदस्यगण रेखा शेषनारायण साहू, डिकेश्वरी हेमंत देवांगन, बनिता प्रमोद सिन्हा, सिंधु अजय बैस, एवन साहू, रूमानसिंह कुर्रे, कुलेश्वरी दिनेश्वर साहू, कंचन नारदलाल साहू, महेश उदयराम ध्रुव, शकुंतला रूपचंद देवांगन, टेकराम साहू, दिलीप चक्रधारी, मनीषा त्रिलोचन साहू, उर्वशी जितेन्द्र बंदेकर, हिमांशु साहू, आनंद यदु, लिली श्रीवास, अनुराग साहू, चंद्रशेखर (चंचल) साहू, ललिता रमेश भतपहरी, त्रित्रलेखा परीक्षित ध्रुव, गंगा टकेश साहू और ठाकुरराम साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

## जनपद अध्यक्ष का गृहग्राम में हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गृहग्राम बगरूमनाला में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष महेश गोटा ने आभार रैली निकाली। स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम के अतिथि पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी नागेंद्र शुक्ला, पूर्व जनपद सदस्य अजय ध्रुव, पूर्व एल्डरमेन अनिरूद्ध साहू, पूर्व प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष दुर्गेश साहू, तहसील अध्यक्ष साहू समाज सोनू साहू, पूर्व उपसरपंच छुही टिकेश्वरी साहू, पूर्व ग्राम प्रमुख छुही राजकपूर सेन, वनलाल साहू, वासुदेव गंजीर युवा मोर्चा महामंत्री, भोजराम साहू, होलेशवर साहू, मंडी अध्यक्ष गट्टासिल्ली दिलीप कोड़ोपी, इंदल प्रजापति, ननकू मानिकपुरी, छबिराम नेताम, अनूप साहू, पूर्व सरपंच ठेमली रामसिंह मरकाम, भोज सोनवानी, वरूण देव नेताम, बूथ अध्यक्ष कौहाबाहरा भूषण लाल मरकाम, सरपंच चिवर्री कृति मरकाम, उपसरपंच रोहित यादव, सरपंच बगरुम नाला राजेश्वरी कावड़े, उपसरपंच बलसिंह पोटाई, देवलाल निषाद, भानुराम साहू, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य निखिल साहू, शैलेंद्र धेनुसेवक, राजेश गोसाई जनपद सदस्य सांकरा, राजा पवार पार्षद नगरी, संदीप छतर, पप्पू साहू, गज्जु शर्मा, पिंटू साहू, नरेंद्र साहू, दानवीर मरकाम, सौरभ साहू उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत में निपटा लंबित मोटर दुर्घटना दावा का प्रकरण

- आवेदिका को 10,50,000 दावा राशि प्रदान करने की बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी के न्यायालय में लंबित मोटर दुर्घटना दावा का प्रकरण आया। इसे नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकृत किया गया। आवेदिका ने अनावेदकगण के विरूद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत तीस लाख का दावा पेश किया था। घटना में आवेदिका को गंभीर चोट आई है, जिसकी सुनवाई लगातार हो रही थी, जिसमें न्यायालय द्वारा प्रारम्भ से ही आपसी राजीनामा के आधार पर प्रकरण के निराकरण हेतु प्रयास किया जाता रहा। न्यायालय द्वारा आवेदिका एवं अनावेदकगण दोनों ही पक्षकारों को राजीनामा के लाभ का विवरण प्रस्तुत करते हुए समझाने का प्रयास किया गया है। अनावेदकगण 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत में आवेदिका को 10,50,000 रूपये दावा राशि प्रदान करने की सहमति प्रदान की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रीसिंटिग करवाकर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा करवाया गया। उक्त राजीनामा से आवेदिका एवं अनावेदकगण के मध्य विवाद भी समाप्त हो गया तथा दोनों पक्ष हंसते-मुस्कुराते अपने-अपने घर चले गये।

## महिलाओं ने वाशिंग पाउडर, तेंदूपत्ता से दोना पत्तल बनाने की विधि सीखी

**धमतरी।** ग्राम पंचायत बंजारी के पंचायत भवन में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद एवं वाणिज्य उद्योग विभाग छग शासन के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता एवं स्वरोजगार उन्मुखीकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ईडीआईआई के परियोजना अधिकारी मुकुल वेदी एवं विजय कुमार पांडे तथा सरपंच टिकेश्वरी ध्रुव, पंच चंद्रप्रकाश, विजय कुमार साहू, रामप्रसाद दुबे रायपुर शामिल हुए। इस कार्यशाला में 50 से अधिक महिला- पुरुष एवं युवक- युवतियों को स्वरोजगार के बारे में जानकारी दी गई। ईडीआईआई के परियोजना अधिकारी मुकुल वेदी ने बताया कि किस तरह से महिलाएं घर पर ही रहकर स्वरोजगार कर सकती हैं। उन्होंने सिलाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर अगरबत्ती अचार अचार पापड़ इत्यादि लघु उद्योग के बारे में जानकारी दी और इसे किस तरह से किया जा सकता है, उसका तरीका भी बताया। परियोजना अधिकारी विजय कुमार पांडे ने छग और देश की कई महिलाओं के बारे में जानकारी रखी जो स्वयं के साहस से आत्मनिर्भर हो पाई है। कार्यशाला में चुने हुए प्रतिभागियों को 12 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वह अपना उद्यम शुरू कर सके।

#### लेडीज क्लब ने हरदिहा साहू समाज भवन में 40वां वार्षिकोत्सव मनाया

# मातृशक्तियों का संस्कार और सम्मान ईश्वरीय तोहफा है : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लेडीज क्लब ने रविवार को हरदिहा साहू समाज में संस्था का 40वां स्थापना दिवस मनाया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में क्लब ने महापौर, सभापति, पार्षदगण, पत्रकारों, गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया। क्लब की संचालिका उषा गुप्ता ने अपने संबोधन में संस्था के 40 वर्षों की सम्पूर्ण गतिविधियों को बताया। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि संस्था 40 वर्षों से सतत सेवा में जुटी है। निश्चित ही सदस्यों के अंदर सेवा का अद्भुत संस्कार है। मातृशक्तियां जब संस्कार और सम्मान देती हैं तो यह ईश्वरीय तोहफा है। निगम सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि मातृ शक्तियों का संगठन अपने आप में अनोखा है। दीपक सोनकर पार्षद ने कहा कि क्लब में आने के बाद प्रेम और स्नेह महसूस होता है। कार्यक्रम में अनेक मनोरंजन गेम खेले गए। कुशल जैन, विभा चन्द्राकर, राकेश चंदवानी, हिमानी साहू को विजेता बनने पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कामिनी कौशिक, उषा गुप्ता, श्रद्धा कश्यप, काजल सिन्हा, साधना साहू, तनुजा सेन, रचना नायडू, पूनम सिंह, मंजु सेन, सीमा, देविका, सबीना, माधवी, रेणु, मंजु महावर, संतोष लखोटिया, ज्योति गुप्ता, बीना नायडू, भारती नायडू, शिरीन हाशमी, शुभ्रा गौर, नीता रणसिंह, नीता अजमानी, आशा गुप्ता, गायत्री साहू, शारदा साहू, बबली राजोरिया, बलजीत आनंद, लीला शर्मा, चंदा शर्मा, आरती कौशिक, हरजीत कौर, सरला खंडेलवाल मौजूद थे।

**इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर, पत्तागोभी, लौकी, नवलगोल 10 रुपए किलो**

# हरी सब्जियों के दाम में आई गिरावट, उपभोक्ताओं को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



शहर के बाजारों में इन दिनों हरी सब्जियों की बंपर आवक से दाम में गिरावट आई है। रेट कम होने से आम आदमी राहत महसूस कर रहे हैं। शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्मकालीन सीजन के संधिकाल में अमूमन हरी सब्जियां सस्ती होती हैं लेकिन इस बार दाम में भारी गिरावट आई है। माहभर से टमाटर 7 रूपए से लेकर 10 रूपए किलो बिक रहा है वहीं गोभी, पत्तागोभी, मूली, भटा, सेमी, मटर जैसी सब्जियां 10 से 20 रूपए किलो बिक रही हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे काफी ग्राहकी रही। रेट कम होने से उपभोक्ता प्रसन्न नजर आए। सब्जी विक्रेता खेमलाल पटेल ने बताया कि बाजार में भटा, कुम्हड़ा, गोभी, केला, मूली 20 रूपए व टमाटर, पत्तागोभी, लौकी, नवलगोल 10 रूपए किलो बिका। गाजर, बरबट्टी, भिंडी, मटर 30 रूपए किलो रहा। कुंदरू, करेला, डोड़का, तोराई, शिमला, सेमी 40 रूपए किलो रहा। हरी मिर्च, कटहल 50 रूपए किलो, ग्वारफल्ली, अदरक, कोचई, ढेंस 60 रूपए किलो बिका।

किराना सामानों में आलू 20, प्याज 40, शक्कर 45, गुड़ 48, हल्दी 170, मिर्च 220, धनिया 100, जीरा 250, काली मिर्च 780, लहसुन 80-100, तेल 135, सरसों 75, मेथी 85, राहर दाल 100-120, मूंग दाल 110, उड़द दाल 110, मसूर दाल 85, चना 80, काबुली 120, मटर सफेद 60, हरा मटर 100, चना दाल 80, पोहा 50 रूपए किलो। अंडा 70 रूपए दर्जन रहा।

**महापौर समेत समाज की 80 महिलाओं का किया गया सम्मान**

# महिला दिवस पर धीवर समाज ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी







अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर धीवर समाज भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महापौर जगदीश रामू रोहरा, नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग एवं समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित समाज की 80 वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती रंजना साहू पूर्व विधायक थे। अध्यक्षता परमेश्वर फूटान महासंरक्षक धीवर समाज ने की। स्वागत भाषण आशा धीवर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने दिया। निःशुल्क बीपी, शुगर, रक्त समूह की जांच एवं दवाई का वितरण किया गया। समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधि कीर्तन मीनपाल जनपद सदस्य, संतोषी गैदलाल धीवर, सरपंच अछोटा, कोमल सार्वा पार्षद एवं दीपक सोनकर पार्षद महिमासागर वार्ड को प्रतीकचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश नाग, डॉ. ओमप्रकाश मत्स्यपाल, डॉ. सती फूटान ने परिजनों का रक्त परीक्षण, बीपी, शुगर, रक्त समूह एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई एवं परीक्षण कार्ड दिया। अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना की।

इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की महासंरक्षक संध्या हिरवानी, संरक्षक मीना बैगा नाग, अध्यक्ष आशा धीवर, उपाध्यक्ष शीला धीवर, ललीता धरमगुड़ी, सचिव धृति हिरवानी, रेणुका हिरवानी ने समाज की 80 वरिष्ठ महिलाओं को साड़ी एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया एवं आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश नाग व आभार प्रदर्शन नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा अध्यक्ष धीवर समाज ने किया।

# महिला दिवस पर 18 स्वच्छता दीदीयों का नपं अध्यक्ष ने किया सम्मान

■ साय सरकार में बढ़ा स्वच्छता दीदियों का मान : ज्योति जैन

हरिभूमि न्यूज ⏩अंवरी



नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन एवं पार्षदों ने नगर को स्वच्छ बनाने के लिए घर-घर जा कर घरेलू अपशिष्ट का उठाव करने वाली 18 स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया। उन्हें सम्मान स्वरूप साड़ी के साथ प्रतिदिन कलेक्शन में काम आने वाले मास्क, कोट, ग्लब्स, जूता, टोपी भी दिया। सीएम साय ने कहा कि शहरों में स्वच्छता और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने में स्वच्छता दीदियों का बड़ा योगदान है। इनकी लगन और मेहतन से ही स्वच्छता मिशन सफल हो पा रहा है। स्वच्छता दीदियों का सम्मान, इनके योगदान को प्रोत्साहन देता है। राज्य के नगरीय निकायों में इस समय स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 9 हजार से अधिक स्वच्छता दीदी कार्यरत हैं। इन्हें 7200 रुपये मानदेय दिया जाता है। ज्योति जैन ने कहा कि स्वच्छता दीदियों के मानदेय में 800 रूपये की बढ़ोतरी की जा रही है। अब स्वच्छता दीदियों को हर महीने 8 हजार रूपये मानदेय मिलेगा।

# सुखराम नागे कालेज को नया कम्प्यूटर सेट मिला

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में जनभागीदारी मद से 14 नग नया कम्प्यूटर सेट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अजय नाहटा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने कहा कि नया कम्प्यूटर सेट मिलने से विद्यर्थियों को लाभ होगा।

जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनभागीदारी समिति की लक्ष्मी ठाकरे, शास्वत शुक्ला, पार्षद अश्वनी निषाद, प्रभारी प्राचार्य नेहरा ने सरस्वती माता की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हृदय साहू ने अल्प समय में जनभागीदारी से किये गए कार्यों की सराहना की। आगे कहा कि छात्र हित में जनकल्याणकारी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दीपा देवांगन ने किया।

# अरौद पंचायत में गीता बनीं उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड





अरौद पंचायत में 8 मार्च को उपसरपंच का चुनाव किया गया। यहां 10 वार्ड है। सरपंच सहित 7 पंच के साथ पंचायत में भाजपा का कब्जा है। मात्र 3 पंच कांग्रेस से है। उपसरपंच चुनाव प्रक्रिया में भाजपा से गीताबाई साहू पति धनेश्वर साहू व कांग्रेस से गुलाब राम साहू ने नामांकन भरा था। चुनाव परिणाम में भाजपा की गीता बाई साहू को 8 तथा कांग्रेस से गुलाबराम साहू को मात्र 2 मत प्राप्त हुए। एक मत अवैध पाया गया। उपसरपंच पद के लिए भाजपा से गीता बाई साहू 6 मतों से विजयी हुई। पीठासीन अधिकारी ब्यास नारायण चंद्राकर, सचिव महेश्वरी ध्रुव ने उपसरपंच चुनाव संपन्न कराया।

इस अवसर पर रिखीराम साहू, दिनेश साहू, भूपाल राजपूत, विरेंद्र साहू, सुरेश साहू, पूरन साहू, खिलावन साहू, महेन्द्र साहू, गोविन्द, ओम सेन, लोकेंद्र, धर्मेंद्र, विश्वंभर, रमेश, धनेश्वर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।





किसान का बेटा,
जन-जन का नेता!
माटी से जुड़े कर्मठ जनसेवक
श्री अरुण सार्वा जी को जिला पंचायत अध्यक्ष
पद पर निर्विरोध चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ ।
आपकी यह ऐतिहासिक जीत
जनसेवा,संघर्ष और संकल्प की जीत है।
किसानों,गरीबों और आम जनता के हक में
आपका नेतृत्व जिले को नए विकास पथ
पर अग्रसर करेगा।
श्री अरुण सार्वा जी
जिला पंचायत अध्यक्ष
जिला पंचायत धमतरी
श्री रविशंकर दुबे
चुनाव प्रभारी जि.पं.क्षे.क्र. 12
-: शुभेच्छु :-
श्रीमती हेमलता साहू,बबलू गुप्ता,नेमसिंह साहू,महेश साहू,साधुराम साहू,भुपेन्द्र साहू,पंचम कश्यप,बीरबल पदमाकर, जयंत नेताम, शिवकुमार, नागेश, वोषित पटेल,
संतोष ठाकुर,मनोज नेताम,तुलसी कश्यप,डुमन यादव,जितेन्द्र बोरझा,अजय एल्मा,नारद राम साहू,जयवंत यादव, अशोक कश्यप,भामा चौबे,श्यामंत बिसेन,
बलीराम साहू,यशवंत साहू,नरसिंग मरकाम,भूपेश साहू,राम शरण पटेल,किशन नाग,तेज शांडिल्य,नरेन्द्र सेन, रमेश साहू,महेन्द्र सिन्हा,रविशंकर ध्रुव,अरुण प्रजापति,
पारस चिण्डा,भानुप्रताप साहू,मनीहार नाग,दिनदयाल सेन,शत्रुघन कश्यप,तुलसी राम साहू, रतनु निषाद,बाल सिंग सोरी,रामजी नेताम, किशोर ध्रुव, लेखराम साहू,
देवनाथ नेताम,संतोष यादव,जितेन्द्र [गोलू]मंडावी,राजू पटेल,अनिरुद्धसाहू,रवि भट्ट,हनी कश्यप एवं समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी सिहावा विधान सभा क्षेत्र
विनीत : समस्त मतदाता जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12, जिला- धमतरी